HINDUSTAN, Patna, 5.11.2017
Page No. 2, Size:(4.21)cms X (12.54)cms.

31 दिसंबर तक 542 आधार केंद्र खोले जाएंगे

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकों को प्रति 10 बैंक शाखा में एक में आधार केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है। 31 दिसंबर तक 542 आधार केंद्र खोले जाएंगे। 32 लाख मनरेगा मजदूरों के बैंक खाता को आधार से जोड़ा जाएगा। इनमें अभी मात्र 24 प्रतिशत ही जुड़े है। श्री मोदी ने कहा कि जन-धन योजना के तहत राज्य में तीन करोड़ 97 लाख खाते खोले गए हैं, जिनमें 236 करोड़ रुपए जमा हैं। वहीं, केंद्रीय बीमा योजनाओं से 67 लाख लोग जुड़े हैं। राज्य के 6521 छात्रों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, जबकि कुल 33295 छात्रों को शिक्षा ऋण स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बैंकों को डिजिटल लेन-देने बढ़ाने का निर्देश दिया। बैंकर्स कमेटी की बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त शिशिर सिन्हा, वित्त विभाग की प्रधान सचिव सुजाता चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, नाबार्ड, रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि सहित विभिन्न बैंकों के वरीय अधिकारी मौजूद थे।